हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट






# वचनामृत संजीवनी

# राजसूय महायज्ञ

## मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

## 1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025



**यज्ञाहुति समय**

प्रातः 11:00 बजे से
दोपहर 01:00 बजे तक



**विशेष**
**२६ जनवरी २०२५**
**उतार चढ़ाव बरा कड़ही**

संत श्री माता जी
संस्थापक
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥**

क्रमशः

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 देवउठनी एकादशी पर रचाया भगवान शालिग्राम...



10 शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में जनजातीय ...



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी में हीला हवाला कर रही है सरकार : छाबड़ा

**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी किए जाने को किसानों के साथ छल करार दिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि किसानों के धान कटकर लगभग एक माह से ब्यारा में पड़ा हुआ है। मौसम खराब होने तथा अन्य कारणों से धान के खराब होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जो 14 नवंबर से धान खरीदी की बात कही जा रही है, उसकी तैयारी भी आधी-अधूरी है। श्री छाबड़ा ने कहा कि सोसाइटियों के कर्मचारी हड़ताल पर जा चुके हैं, वहीं राइस मिलर भी हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित धान खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में धान के बोरों की सप्लाई नहीं की गई है। ऐसे में भाजपा सरकार किस तरह से धान की खरीदी करेगी, यह समझ से परे है।

### भाठागांव(बी) में श्रीमद् भागवत कथा 20 से

**बालोद/सिकोसा।** बस स्टैण्ड भाठागांव(बी) में 20 से 26 नवंबर तक शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक संत राजीव नयन जी महाराज एवं संदीप नयन श्रीधाम वृंदावन होंगे। कथा के आयोजक दोषणलाल साहू, संध्या साहू, वीरेंद्र साहू, डामिन, नारायण, शशि साहू होंगे।

### गुण्डरदेही-धमतरी मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही से धमतरी मुख्य मार्ग पर कई जगह बड़े बड़े गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग पर ग्राम कलंगपुर के समीप भटगांव, पेन्डरी चौक पर सड़क के बीचों बीच बहुत से गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में अक्सर दो पहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। आसपास के लोगों ने बताया कि गड्ढो को पाटने के लिए संबंधित विभाग द्वारा गिट्टी-मुरुम डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में गड्ढों की स्थित फिर ज्यों की त्यों हो जाती है।

### रेडक्रास के आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा आज

**बालोद।** कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा–निर्देशन में जिला प्रबंधन समिति का गठन किया जाना है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव ने बताया कि इस संबंध में रेडक्रास के समस्त आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा की बैठक 13 नवम्बर को टॉउन हॉल बालोद में दोपहर 03 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त आजीवन सदस्यों को बैठक में परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने को कहा है।

## विरोध : बैनर-पोस्टर के साथ गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया नशा नहीं करने का संदेश

# नशे के विरुद्ध एकजुट हुए लोग, नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने निकाली गई जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में सर्व समाज एवं गायत्री परिवार द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज एवं धार्मिक संगठनों के प्रमुखों का सम्मान किया गया। उसके बाद रैली निकालकर लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान नशा मुक्ति का बैनर व पोस्टर लेकर नशा छोड़ने के गीत, नारे एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर युवाओं को नशा नहीं करने का संदेश दिया गया। यह रैली शहर में गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ हुई जो कि कबीर कुटी, कुर्मीपारा बाजार चौक, नवीन बाजार, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, पियर्स पियर्स चौक होते हुए गायत्री मंदिर में समापन हुआ।

समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी समस्या नशा है। आज के युवा नशे के कारण खोखला होते चले जा रहे हैं, युवाओं में नशे के प्रति नफरत का बीज बोने की आवश्यकता है। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने कहा कि महिला उत्पीड़न का प्रमुख कारण नशा है, नारी शक्ति ही संगठित होकर नशा को दूर कर सकती है। नशा मुक्ति अभियान के जिला प्रभारी मिलापु राम साहू ने कहा कि नशा रूपी राक्षस से सभी समाज को मिलकर लड़ना होगा, क्योंकि यह समस्या सभी समाज की है।

जितने भी अपराध, सड़क दुर्घटनाएं, पारिवारिक कलह सभी नशे के कारण हो रहे हैं। इस दौरान गुरदयाल चावला, नीतू कोठारी, विनोद राघव, वीरेन्द्र जायसवाल, नैना कुर्रे, खोमराम साहू, विनय ताम्रकार, हेमकांत यादव, एसपी सिंह, परमेश्वर राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### नशे के कारण हो रहीं कई बीमारियां : डॉ साहू

डॉ एलआर साहू ने बताया कि कम उम्र में अनेक प्रकार के घातक रोग खासकर मुंह, गले, लीवर, पेट एवं दांतों का कैंसर नशे के कारण हो रहे हैं। अंत में नशा रूपी राक्षस का पुतला बनाकर दहन किया गया तथा विभिन्न प्रकार के नशे की वस्तुओं की होली जलाई गई। सभी समाज प्रमुखों ने स्वयं नशा नहीं करने और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।

### लोगों को बताए नशे के दुष्परिणाम नशा नहीं करने का दिलाया संकल्प

**नवागढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में गायत्री परिवार नवागढ़ ब्लॉक एवं ग्राम अमोरा ग्रामवासियों द्वारा एकादशी के अवसर पर जन जागरण नशा मुक्ति रैली गांव में निकाली गई। जिसमें सभी युवा और वरिष्ठ परिजनों ने शामिल होकर व्यसन मुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान नशीली पदार्थों के हानिकारक प्रभाव को गीतों एवं नारों के माध्यम से बताया गया। पोस्टर बैनर लेकर छोटे-छोटे बच्चे एवं युवा गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। रैली के पूर्व ग्रामवासियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से शराब,धूम्रपान, गुटखा, तम्बाकू, गुड़ाखु आदि से होने वाले रोगों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अभियान के जिला प्रभारी डॉ मिलाप राम साहू ने कहा कि हमें व्यसनों को छोड़कर अपने शरीर रूपी मंदिर में अच्छाइयों की स्थापना करना है और जो बच्चे नशा नहीं करते उन्हें नशे के कुचक्र से बचने के लिए नशे से होने वाली हनियों के बारे में अवगत कराया और जीवन भर नशा न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान निर्मल ध्रुव, गंगाराम वर्मा, अशोक भारती, केशर मानिकपुरी, गेन्दू निषाद, विदेशी ध्रुव, परमेश्वर निषाद, गीतेश्वर वर्मा, कुमारी ध्रुव, बिंदा वर्मा सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ अखिल विश्व गायत्री परिवार ने अमोरा में निकाली नशा मुक्ति रैली






## निर्वाचक नामावली में संशोधन के लिए आज से 20 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में हुए संशोधनों के परिप्रेक्ष्य में 01 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर वार्डवार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार बेमेतरा जिले के 9 नगरीय निकायों में 13 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 तक पुनः दावा आपत्ति ली जाएगी तथा नगर पालिका परिषद बेमेतरा में दावा-आपत्ति का कार्य 18 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024 तक किया जाएगा।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जिले के नगर पंचायत थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी, कुसमी, बेरला, भिंभौरी में 01 नवागढ़, दाढ़ी, साजा, अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य विहित स्थानों में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा 13 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक किया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने बताया कि दावा आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर 2024 तथा प्रारूप क्र-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जायेगा। आयोग द्वारा नगर पालिका परिषद बेमेतरा के आम निर्वाचन के लिए 01 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 18 नवम्बर 2024 को किया जाकर निर्धारित स्थानों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 25 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक किया जायेगा। दावा आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 28 नवम्बर 2024 तथा प्रारूप क्र-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 दिसम्बर 2024 निर्धारित की गई है। प्रारूप क्र-1 में प्राप्त दावे की निराकरण की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर 2024 है। दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जायेगा।

■ निर्वाचक नामावली तैयार करने जारी किया गया संशोधित कार्यक्रम

## जिला चिकित्सालय में चार ऑक्सीजन प्लांट स्थापित, कलेक्टर ने देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला चिकित्सालय का दौरा कर ऑक्सीजन प्लांट, ब्लड बैंक तथा अन्य चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया।

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कलेक्टर को बताया कि जिला चिकित्सालय में चार ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हैं। इनमें 1000 लीटर प्रति मिनट, 500 लीटर प्रति मिनट, 300 लीटर प्रति मिनट, और 250 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट सुचारू रूप से संचालित हैं और जरूरत के अनुसार भर्ती मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। अधिकारी ने कलेक्टर को यह भी बताया कि अस्पताल का ब्लड बैंक भी सुचारू रूप से कार्यरत है, जिसमें 250 यूनिट ब्लड बैग रखने की क्षमता है। प्रतिदिन अस्पताल में लगभग 12 से 15 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, और वर्तमान में सभी ब्लड ग्रुप के 19 यूनिट रक्त उपलब्ध हैं। आपात स्थिति में डोनरों से संपर्क कर रक्त की व्यवस्था की जाती है। मौके पर डीपीएम लता बंजारे भी मौजूद थीं।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निरीक्षण के दौरान पाया कि दो ऑक्सीजन प्लांट 300 और 250 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले हैं और सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने अन्य दो प्लांट में तकनीकी समस्या को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑक्सीजन की नियमित आपूर्ति, ब्लड बैंक और दवाइयों के स्टॉक का भी निरीक्षण किया। खासकर मौसमी बीमारियों जैसे ब्लडप्रेशर, मधुमेह और वायरल फीवर की दवाइयों की उपलब्धता पर ध्यान दिया। उन्होंने ओपीडी का भी दौरा किया और वहाँ उपचार के लिए आए मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा।

■ दो प्लांट में तकनीकी समस्या को जल्द ठीक करने के दिए निर्देश



## तकनीकी सहायक के लिए 13 व 14 को होने वाला साक्षात्कार स्थगित

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला व जनपद स्तर के विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए 13, 14 एवं 18 नवम्बर 2024 को जिला कलेक्टोरेट में सहायक प्रोग्रामर, विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक पद के चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाना था। इनमें से तकनीकी सहायक के लिए निर्धारित साक्षात्कार 13 एवं 14 नवम्बर 2024 को अपरिहार्य कारण से स्थगित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सहायक प्रोग्रामर कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची के 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 18 नवंबर सुबह 11 बजे से होगा। तकनीकी सहायक कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची क्र. 01 से 30 तक के अभ्यर्थी दिनांक 22 नवंबर सुबह 11 बजे से, तकनीकी सहायक कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची के स.क्र. 31 से 60 तक के अभ्यर्थी का साक्षात्मार 25 नवंबर को सुबह 11 बजे से होगा।

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम 15 को

**बेमेतरा।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 15 नवंबर को पूर्वान्ह में बेमेतरा मुख्यालय के नगर पालिका टाऊन हॉल में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विगत समय सीमा की बैठक में आयोजन की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने उक्त आयोजन के सफल कियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, मुख्य को सम्पूर्ण कार्यकम का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागों के जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। तैयारियों को लेकर मुख्यकार्य पालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल ने मंगलवार शाम जिला पंचायत के अपने कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति के कक्षा 10 वीं और 12 वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, मुख्य कार्य पालन अभियंता जल संसाधन चंद्रशेखर शिवहरे, लोक निर्माण निर्मल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। आयोजित समारोह में मंत्री, सांसद, विधायक तथा पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है।मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के ्तिग्राहियों से चर्चा भी करेंगे।

■ जिला मुख्यालय के टाऊन हॉल में होगा जिलास्तरीय कार्यक्रम

## बेसबॉल, सॉफ्टबाल व गतका खेल में दिखाएंगे प्रतिभा

# राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए जेवरा स्कूल के 37 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा सत्र 2014-25 आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए गठित छत्तीसगढ़ की टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरा के 37 खिलाड़ियों का हुआ चयन हुआ है।

विगत दिनों अंबिकापुर, जांजगीर, बिलासपुर, कबीरधाम व राजनांदगाव में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के बेसबाल, सॉफ्टबाल व गतका का आयोजन किया गया। इसमें प्रदर्शन के आधार पर सॉफ्टबाल अंडर 14 में सरिता सिन्हा, करीना पाटिल, दीक्षा कोठारी, केवरा निषाद, कोमल पाटिल, राजू निषाद, अनंत सिंग सॉफ्टबाल अंडर 17 में मयंक लहरे, मयंक निषाद, देव पाटिल, संदीप पटेल, भोली साहू, काजल साहू, पल्ल्वी साहू का चयन हुआ है। इसी तरह सॉफ्टबाल अंडर 19 में अमित पाटिल, कौशल कोसले, टिकेश्वर ध्रुव, प्रियंका पाटिल, दिव्यानी निषाद, तारिणी यदु तथा बेसबाल खेल के अंडर 14 में खिलेश्वरी निषाद, कुसुम यदु, ख़ुशी निषाद, जयरामकृष्ण, शुभम जोगी, दीपक निषाद का चयन किया गया है। वहीं, बेसबाल अंडर 17 में सुष्मिता जोशी, रेशमा साहू, विशेष साहू, बेसबाल अंडर 19 में दामिनी पाटिल, चांदनी यादव, अनुसूइया साहू, मंदीप निषाद, कमलेश साहू तथा गतका खेल इंदु सिन्हा पूजा सिन्हा और मोतीलाल साहू का चयन हुआ है।

इन खिलाड़ियों के साथ ही शासकीय हाई स्कूल जिया से सॉफ्टबॉल में सुकृति, भूमिका, तनु का बेसबॉल खेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया से दीपशिखा देशलहरे, तन्मय साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी से कोमल यदु, एलांस पब्लिक स्कूल से अंतरिक्ष का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित इन खिलाड़ियों में बेसबाल अंडर 17 व गतका खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 5 दिसंबर 2024 तक दिल्ली में आयोजित होगा। इसमें भाग लेने के पूर्व प्री नेशनल कैंप दुर्ग में होगा। सॉफ्टबाल अंडर 14, 17, 19 बालक/बालिका वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जलगांव (महाराष्ट्र)में होगी। बेसबाल अंडर 19 नांदेड़ (महाराष्ट्र) में तथा बेसबाल अंडर 14 बिलासपुर (छत्तीसगढ़)में आयोजित होगा।



### विगत वर्ष 37 खिलाड़ियों ने जीते थे पदक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि गत वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के 37 खिलाड़ियों सहित बेमेतरा के कुल 41 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता था। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा सर्वाधिक पदक जीतने वाला स्कूल बना था। उल्लेखनीय है कि राज्य की पदक तालिका में इन खिलाड़ियों के पदक से बेमेतरा जिले को संयुक्त पांचवा स्थान भी मिला था। इस वर्ष भी सभी खिलाड़ी पदक जीतने निरंतर अभ्यासरत है। सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त कर प्रतियोगिता में पदकीय प्रदर्शन करने के लिए ग्राम जेवरा की सरपंच संध्या सिंग, संस्था के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, कठियाँ सेजेस स्कूल प्राचार्य ओपी टंडन, व्यायाम शिक्षक दिनेश शर्मा, अरुण पाल, खेल प्रभारी मटका प्रभात सिंग, शासकीय हाई स्कूल जिया स्कूल के प्राचार्य राज कुमार टंडन, व्याख्याता नीता साहू ने शुभकामनाएं दी हैं।

## तीजूराम ने की पीएम सम्मान निधि की मांग

**बालोद।** ग्राम रमतरा निवासी तीजूराम साहू ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि दिलाई जाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत पूर्व में विधिवत सभी दस्तावेजों की ऑनलाईन कृषि विभाग द्वारा कराया था। प्रारंभ में उन्हें किसान सम्मान निधि तीन किस्तों की राशि बैंक खाता के माध्यम से प्राप्त हुई है, किन्तु विगत 6–7 किश्तें अभी तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई हैं। उनके द्वारा उक्त राशि प्राप्त के लिए कृषि विभाग की प्राधिकृत अधिकारियों की हिदायत से अपना बैंक खाता पोस्ट ऑफिस शाखा तार्री में भी खुलवाया गया था, फिर भी उनका किसान सम्मान राशि अब तक नहीं आई है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विधायक दीपेश ने क्षेत्रवासियों को दी देवउठनी एकादशी की शुभकामनाएं



**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू ने विधानसभा क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साहू ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि देवउठनी एकादशी का दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की निद्रा से जागृत होते हैं। हिन्दुओं में इस दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरुआत की जाती है। विधायक दीपेश साहू ने कामना की कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और सभी का जीवन मंगलमय हो।

### चार दिवसीय इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम 14 से

**रायपुर।** वॉलफोर्ट हाइट्स सोसाइटी भाठागांव के क्लब हाउस में 4 दिवसीय 14 से 17 नवंबर तक इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम होने जा रहा है। यह कार्यक्रम ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा डिजाइन किया गया है। 14 नवंबर को शाम 6 बजे निशुल्क इंट्रोडक्शन सेशन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में शांभवी महामुद्रा नाम की एक प्राचीन और शक्तिशाली क्रिया सिखाई जाएगी। इसके अभ्यास से लाखों लोगों ने अपने जीवन में स्पष्टता और खुशहाली पाई है।

### ठेठवार समाज की बैठक में किया संगठन विस्तार

**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज द्वारा यादव ठेठवार भवन राजीव नगर दुर्ग मे दीपावली मिलन व कार्यकारणी बैठक किया गया। बैठक मे यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर दीपावली की बधाई दी गई । बैठक मे दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के अध्यक्ष मुकेश यादव ने सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार किया। जिसमे महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमति अहिल्या यादव को बनाया गया। साथ ही मुकेश यादव द्वारा सीनियर संगठन मे संरक्षक कलीराम यादव, रोहित यादव, राधेलाल यादव, गैंदलाल यादव अधिवक्ता, सांस्कृतिक अध्यक्ष करण यादव की नियुक्ति की गई ।

**पर्व**

**जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया पर्व**

# देवउठनी एकादशी पर रचाया भगवान शालिग्राम और देवी तुलसी का विवाह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में देवउठनी एकादशी पर्व मंगलवार शाम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के समस्त प्रमुख हाट बाजार में लोगों ने गन्ने की खरीदारी की। देवउठनी एकादशी से ही शादी विवाह कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी पर्व पर बेमेतरा के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने उपवास रखा और शाम को माता तुलसी की पूजा कर भगवान शालिग्राम के साथ विवाह रचाया। इस अवसर पर गन्ने का मंडप बनाया गया । पूजा में बेर, चने की भाजी, गन्ना, सिंघाड़े सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई गईं। उनका प्रसाद भगवान को भी लगाकर तुलसी मंडप में पूजा की गई। इस पर्व को लेकर लोगों में दीपावली के बाद खासा उत्साह देखने को मिलता है।

- गन्ना का मंडप बनाकर विधि-विधान से की गई माता तुलसी

### महिलाओं ने बनाई रंगोली

अंचल में देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह पर गन्ना पूजा के साथ साथ महिलाओं व बालिकाओं ने घरों घर में अनेक प्रकार रंगोलियां बनाईं। छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं लोक संस्कृति की अपनी पहचान है जो बहुत मनमोहक है। हर तीज त्योहारों में छत्तीसगढ़ी लोक कला व लोक संस्कृति की झलक हमें देखने को मिलती है। वर्तमान में युवा पीढ़ी में इस संस्कृति के प्रति रुझान कम होते दिख रहा है।

### आज से शुरू हो गए शुभ कार्य, वैवाहिक खरीदारी भी प्रारंभ

मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागे थे, जिसके कारण इसे देवउठनी एकादशी भी कहा जाता है। भगवान विष्णु के जागने के कारण इसी पर्व के साथ ही विवाह आदि सहित अन्य सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। वहीं, इस पर्व पर ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी और कपड़ा सहित लोगों को खरीदारी करते देखा गया।

### गौरी-गौरा की हुई पूजा

गौरा-गौरी का पर्व दिवाली के बाद देवउठनी एकादशी पर भी मनाया गया। जिले के बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, साजा, खम्हरिया, दाढ़ी, मारो, नांदघाट, देवकर आदि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पर्व का उत्साह रहा। पूजा स्थल में गौरा-गौरी के साथ नंदी की प्रतिमाएं बनाई गईं। रात में भगवान शंकर व पार्वती का विवाह कराया गया।

## बेरला में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी



**बेरला।** ब्लॉक बेरला सहित ग्रामीण अंचल में भी देवउठनी एकादशी का पर्व विधि विधान के साथ भगवान शालिग्राम और तुलसी का विवाह कराते हुए धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि छत्तीसगढ़ में दीपावली पर्व के बाद देवउठनी पर प्रदेश में हर घर में लोग इस पर्व को धूमधाम से मनाते है। तुलसी विवाह करते हुए सुख समृद्धि की कामना की गई। साथ ही इस त्यौहार में अपने घर के आंगन में तुलसी चौरा को विशेष रुप से सजा कर गन्ने का मंडप सजाया गया।

उसके बाद पारम्परिक ढंग से माता तुलसी का विवाह शालिग्राम के साथ रचाया। इस पर्व के बाद से मांगलिक कार्यों का श्री गणेश होगा। अनेक स्थानों पर महिलाओं ने मां तुलसी के समक्ष विवाह रस्मों के गीतों का गायन किया। लोग सुबह से पूजा के सामग्री खरीदी में लगे रहे। इस बार लोगों में गन्ने की खरीदी में उत्साह देखा गया। वहीं त्यौहारी सीजन के कारण गन्ने में इसका असर दिखा है। बेरला नगर सहित कोदवा, देवरबीजा, बारगांव, सरदा, कठिया, भिंभौरी, पिरदा, हसदा, गोड़गिरी, मावलीमाता मंदिर मावली भांठा, चंडी मार्ग आदि प्रमुख मार्गों पर गन्ने की दुकानें सजे रहे। जिन्हें खरीदने वाले बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। वही चना भाजी, बेर, सिंघाडा, जाम, आंवला, श्रृंगार सामान, कोचई कांदा, फल आदि की बिक्री देर शाम तक की गई।

**गायों को बांधी गई सोहई :** दीपावली के बाद देव उठनी एकादशी पर्व पर राउत जाति के लोगों ने गांव के किसानों के घरों में जाकर गाय व बछड़ों के गले में सोहई बांधी। वहीं, दोहे के माध्यम से सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही गोबर की गोले को धान में लोट कर दीवाल में चिपकाने की मान्यता है। विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया।



### दीपोत्सव की तरह सजे घर द्वार, दीयों से जगमगाया आंगन

देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह की तरह मनाए जाने की परंपरा है। वहीं महिलाओं एवं बालिकाओं ने घर के आंगन व द्वार पर रंगोली से सजा कर पूजा अर्चना व दीया जलाए। घरों में चावल का घोल तैयार कर उसमें अल्पना व कुशियारी चौक बनाया गया। इसके बाद रात में दीपावली की तरह दीप सजाकर तुलसी विवाह किया गया। इस के बाद भगवान विष्णु की आरती की गई। विधि विधान से पूजा उपासना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में 11 नवम्बर को जनजातीय गौरव माह उत्सव के अंतर्गत को एक दिवसीय जनजातीय गौरव स्मृति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ रमन मेहर के निर्देशन एवं विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ टीवी दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अक्तू नेताम, कोषाध्यक्षा जनजातीय समाज बेरला, विशिष्ठ अतिथि सीता साहू, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, आशीष एक्का, सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन कॉलेज बेरला एवं मुख्य वक्ता के रूप में युवराज पावले, सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन कॉलेज बेरला उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के संयोजक दीक्षित आर्य ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ टीवी दीक्षित ने जनजातीय परम्पराओं एवं उनके इतिहास, संस्कृति, कला के संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। मुख्य वक्ता युवराज पावले ने जनजातीय समुदाय का देश एवं छ.ग. के इतिहास, संस्कृति, कला अन्य क्षेत्र में विशेष योगदान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही जनजातीय महानायकों भगवन बिरसा मुण्डा, रानी दुर्गावती, नीलाम्बर पीताम्बर, तिलका मांझी, भीमा नायक, कोमराम भीम, वीर नारायण सिंह, वीर नायक गुंडाधुर यदि के बारे में भी बताया। इस दौरान गौरव गुप्ता ने लोकगीत की प्रस्तुति दी। संस्था के छात्राओं द्वारा मोचो बस्तर गीत पर मनमोहक जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को संस्था परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### अतिथियों ने पेंटिंग व रंगोली का किया अवलोकन

अतिथियों ने संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्रकला एवं रंगोली का अवलोकन किया।कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस प्रभारी कुंदन कुमार साहू, राम साहू, डॉ दीक्षा तिवारी, वर्षा वर्मा, दिवयंश चन्द्रवंशी, डी ताम्रकार, शिल्पी साहू, दिव्या वर्मा, बहोरिक साहू, सोमेश देशमुख, अभिषेक कुमार जायसवाल एवं रवि कुमार साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कोबिया में स्थापित की गई गौरा-गौरी की प्रतिमा



**बेमेतरा।** शहर के कोबिया वार्ड में देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर गौरा-गौरी की प्रतिमा की स्थापना की गई। सुबह गड़वा बाजा की धुन पर गौरी-गौरा के गीतों के साथ गांव भ्रमण कराकर गांव के तालाब में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद साधेलाल बघेल, टेकसिंह वर्मा(राकेश) शहर महामंत्री भाजपा बेमेतरा, गौरा गौरी आयोजन समिति सदस्य रामप्रकाश वर्मा, थालेंद्र वर्मा, कृष्णा वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, खेमराज वर्मा, हेमंत पाल, लच्छू वर्मा, भगवानी वर्मा, शिवकुमार पाल एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।





























विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130